# पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़
# सेक्टर–19, अटल नगर, नवा–रायपुर

क्रमांक– पु.मु./यो.प्र./मेंट/M-697 /2025 दिनांक 04/04/2025
**प्रति,**

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग
रायपुर(छ.ग.)

**विषय :–** पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर भवन में नवीन डक्ट एयर कंडीशनरो की आपूर्ति और स्थापना कार्य हेतु प्राक्कलन मय तकनीकी स्वीकृति उपलब्ध कराने के संबंध में।

––––––––––––––––000––––––––––––––––––––––

कृपया उपरोक्त विषयांर्गत लेख है कि पुलिस मुख्यालय, अटल नगर भवन में 59 नग डक्ट एयर कंडीशनर स्थापित है। वर्तमान में भवन में स्थापित डक्ट एयर कंडीशनर में लगातार खराबी परिलक्षित हो रही है ,साथ ही मशीन पुरानी होने से मशीन के खराब स्पेयर पाट्र्स तथा उपकरण उपलब्ध नही होने से खराबी का निराकरण नही हो पाता है। मुख्यालय में स्थापित डक्ट एयर कंडीशनरो में लगातार खराबी आने से उक्त मशीनो का अनुरक्षण कार्य का लागत भी अधिक हो जाता है। उक्त को दृष्टिगत कर मुख्यालय में स्थापित पुराने मशीनो को नयी मशीनो से प्रतिस्थापित किया जाना है।

अतः मुख्यालय भवन में स्थापित पुराने डक्ट एयर कंडीशनरो का नवीन डक्ट एयर कंडीशनरो से प्रतिस्थापित किये जाने हेतु साइट निरीक्षण कर कार्य हेतु विस्तृत प्राक्कलन तथा तकनीकी स्वीकृति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

सहायक पुलिस महानिरीक्षक
(योजना/प्रबंध)
पुलिस मुख्यालय, अटल नगर